# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## SAMPLE PAPER

**FINAL EXAMS SESSION 2025 – 26**

**CLASS – VIII**

**TIME : 3 HRS.** **SUBJECT – HINDI** **M.M:80**

**खंड – क (पठन)**

**(1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें :–** **(10)**

जोसफ और स्टीफन दो भाई थे। वे फ्रांस के निवासी थे। एक दिन चूल्हे पर माँ को खाना पकाते समय उन्होंने पाया कि धुआँ राख को लेकर ऊपर उड़ता है। एक दिन उन्होंने एक लिफाफे में धुआँ भरा, तो वह उड़कर छत से जा टकराया। सन 1783 में दोनों भाइयों ने पहली बार एक मैदान में बड़ा-सा गुब्बारा ऊँचे स्थान पर रस्सों से बाँधा और उसके नीचे आग जला दी। गुब्बारे में धुआँ .भर गया और वह रस्सों को खींचने लगा। दोनों भाई रस्सों से लटक गए। उनके कहने पर एक आदमी ने उन रस्सों को काट दिया। देखते-देखते गुब्बारा ऊपर उड़ने लगा। यह गुब्बारा 900 मीटर की ऊँचाई तक उड़ा। इसके बाद एक दिन उन्होंने गुब्बारे के नीचे एक टोकरी बाँधी, जिसमें एक बतख, बकरी और कुत्ता था। इसमें गर्म हवा भरने पर वह तीनों को ले उड़ा और वापस आ गया। हवाई जहाने उड़ाने की दिशा में यह पहला कदम था।

(क) जोसफ और स्टीफन कहाँ के निवासी थे?
(ख) दोनों भाइयों ने गर्म हवा भरने का प्रयोग पहली बार कब किया?
(ग) पहली बार गुब्बारा कितनी ऊँचाई तक उड़ा?
(घ) दोनों भाइयों ने गुब्बारे में किस-किस को भेजा?
(ड) 'आग'का पर्यायवाची लिखें ।

**(2) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें :–** **(5)**

जीवन में एक सितारा था, माना वह बेहद प्यारा था,
वह डूब गया तो डूब गया। अंबर के आनन को देखो,
कितने इसके तारे टूटे, जो छूट गए फिर कहाँ मिले,
पर देखो टूटे तारों पर, कब अंबर शोक मनाता है। जो बीत गई सो बात गई।

(क) जीवन में प्रिय व्यक्ति की तुलना किससे की गई है?
(ख) शोक करना व्यर्थ क्यों है?
(ग) तारे टूटने पर अंबर की क्या प्रतिक्रिया होती है?
(घ) इस काव्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखें ।
(ड) अंबर शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखें।

**खंड – ख (व्याकरण)** **(20)**

**(3) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए :–** **(2x1=2)**

**(क)** पार्क में चार औरते बातें कर रही हैं।
**(ख)** कई बच्चें रंग – बिंरगी पतंगो को एकटक देख रहे थे ।

**(4) कोष्ठक में दिए गए शब्दों को विशेषण रूप में बदलकर वाक्य पूरे कीजिए ।** **(2)**

**(क)** _______ समारोह का आयोजन हुआ । ( भव्यता)
**(ख)** अम्माँ ने _______ दलिया बनाया है। (मिठास)

**(5) निम्नलिखित वाक्यों में (√) या (×) निशान लगाइए :–** **(2)**

**(क)** प्रेरणर्थक क्रिया में कर्ता स्वयं क्रिया फरता है।
**(ख)** अकर्मक क्रिया में कर्म का बोध नहीं होता ।

**(6) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का भेद बताएँ:–** **(2)**

**(क)** बच्चों ने गृहकार्य किया । **(ख)** मम्मी ने नाश्ता किया ।

**(7) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित करके लिखिए :–** **(2)**

**(क)** माँ हमारा सारा काम करती है। **(भूत काल में)**

**(ख)** आज आँधी आ सकती है।  **(भूविष्यत काल में)**

**(8) निम्नलिखित परिभाषाएँ काल के जिस भेद और उपभेद से संबंधित है उस पर (√) निशान लगाइए :– (2)**

**(क)** क्रिया के जिस रूप से वर्तमान में क्रिया के होने का संदेह हो।
(1) सामान्य वर्तमान काल  (2) संदिग्ध वर्तमान काल  (3) अपूर्ण वर्तमान काल

**(ख)** जहाँ आने वाले समय में क्रिया के होने अथवा करने की संभावनाएँ पाई जाए ।
(1) संभाव्य भव्यित काल  (2) वर्तमान काल  (3) सामान्य भविष्यत काल

**(9) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार क्रियाओं के सही रूप से खाली जगह भरिए :– (2)**

**(क)** नाना जी पौधों में पानी ________ । **(''देना'', अपूर्ण वर्तमान काल)**

**(ख)** दादा जी पौधे _________ । **(''लगाना'' सामान्य वर्तमान)**

**(10) मुहावरों के अर्थ व वाक्यों का प्रयोग :– (3)**

**(क)** दिन रात एक करना  **(ख)** टेढ़ी खीर

**(11) लोकोक्तियों के अर्थ व प्रयोग करें :– (3)**

**(क)** जल में रहकर मगर से बैर  **(ख)** बंदर क्या जाने अदकर का स्वाद

## खंड – ग (पाठ्य – पुस्तिका) (30)

**(12) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक दो पंक्तियों में लिखो :– (5x2=10)**

**(क)** किस हसरत को पूरा करने का अवसर भगत सिंह को नहीं मिल सका ?

**(ख)** राम ने राजसी वस्त्र किसकी तरह त्याग दिए ?

**(ग)** सुंदर सुष्टि क्या खोजती है?

**(घ)** प्रस्तुत लेख के अनुसार नींव की ईंट ज़मीन में कितनी नीचे होती है ?

**(ड)** लेखिका ने पहली मुलाकात में फेरीवाले से क्या खरीदा ?

**(13) दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :– (4x3=12)**

**(क)** चीनी फेरीवाला छोटी उम्र में ही क्या समझ गया था ?

**(ख)** नींव की ईट और कंगूरे की ईट में क्या अंतर है ?

**(ग)** पुर से निकलते ही सीता की क्या दशा हो गई ?

**(घ)** भगत सिंह ने पिता जी से अकेले आने के लिए क्यों कहा ?

**(14) दिए गए प्रश्नों में से <u>किसी एक</u> का उत्तर लिखों :– (5x1=5)**

भगत सिंह फाँसी से क्यों नही बचना चाहते थे ?

**अथवा**

'नींव की ईट का क्या काम होता है विस्तारपूर्वक लिखो।

**(15) दिए गए प्रश्नों में से सही विकल्प पर (√) का निशान लगाओ। (3x1=3)**

**(क)** सुंदर इमारत किस पर टिकी है ?
(1) मिट्टी पर  (2) नींव की ईंट पर  (3) चमक पर

**(ख)** चीनी फेरीवाले के माता – पिता ने किस चीज़ की दुकान खोली ?
(1) चाय की  (2) मिठाई की  (3) कपड़ों की

**(ग)** भगत सिंह को किस दिन पुलिस की हवालात से दिल्ली जेल में मुतकिल कर दिया गया था ?
(1) 22 अप्रैल  (2) 20 अप्रैल  (ग) 7 मई

## खंड – घ (लेखन)

**(16)** ''प्रदूषण दूर करने'' हेतु नारा लेखन तैयार करें। **(15)**

**(17)** भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान की टीम को हराया। इस पर प्रतिवेदन तैयार कीजिए :– **(7)**